## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 24.12.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. इसरो ने आज आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से अमरीकी संचार उपग्रह ब्लूबर्ड ब्लॉक–2 का किया सफल प्रक्षेपण, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैज्ञानिकों को दी बधाई।

2. कोयला मंत्री जी किशन रेडडी ने की बेलगड़िया टाउनशिप को कमर्शियल हब बनाने की घोषणा, स्थानीय लोगों को दी 99 साल की रजिस्टर्ड सबलीज।

3. हाईकोर्ट ने विशेष शिक्षा सहायक आचार्य संवर्ग की नियुक्ति मामले में की सुनवाई, राज्य सरकार और जेएसएससी को नौ जनवरी तक जवाब दाखिल करने का निर्देश।

4. क्रिसमस के मौके पर आज मसीही समुदाय के लोग करेंगे विशेष प्रार्थना, आधी रात मनाया जाएगा प्रभु यीशु का जन्म पर्व।
   और
5. राजधानी रांची समेत राज्यभर में ठंड और कोहरे का प्रकोप जारी, अगले तीन दिनों में दो से तीन डिग्री तक गिरेगा तापमान।

******************

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो ने आज आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से अपने सबसे भारी अंतरिक्ष यान एलवीएम3–एम6 के जरिए अगली पीढ़ी के अमरीकी संचार उपग्रह ब्लूबर्ड ब्लॉक–2 का सफल प्रक्षेपण किया। यह प्रक्षेपण सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से भारतीय मानक समयानुसार सुबह 8 बजकर 55 मिनट पर किया गया। लगभग 15 मिनट की उड़ान के बाद, ब्लूबर्ड ब्लॉक–2 अंतरिक्ष यान से अलग हो गया और सफलतापूर्वक अपनी निर्धारित कक्षा में स्थापित हो गया। इस अवसर पर इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने अमरीकी कंपनी एएसटी स्पेसमोबाइल के ब्लू बर्ड ब्लॉक–2 संचार उपग्रह के सफल प्रक्षेपण की सराहना की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्लूबर्ड–ब्लॉक–2 अंतरिक्षयान को लक्षित कक्षा में स्थापित किए जाने पर भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिकों और अभियंताओं को बधाई दी।

******************

कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने आज धनबाद के बेलगड़िया में जेआरडीए के प्रशासनिक भवन का उद्‌घाटन किया । साथ ही मंत्री ने स्थानीय निवासियों को 99 साल की रजिस्टर्ड सब–लीज दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि लोगों की जरूरतों को देखते हुए अब हर एक परिवार को दो–दो आवास दिए जा रहे हैं। धनबाद शहर से दूरी को देखते हुए बेलगड़िया के निवासियों के लिए 4 फ्री शटल बसें शुरू की गई हैं। उन्होंने कहा कि बेलगड़िया सिर्फ एक टाउनशिप नहीं, बल्कि एक कमर्शियल हब के रूप में विकसित होगा, जहाँ लाइब्रेरी से लेकर बाजार तक की सभी आधुनिक सुविधाएं मौजूद होंगी।

******************

झारखंड हाईकोर्ट ने विशेष शिक्षा सहायक आचार्य संवर्ग नियुक्ति एवं सेवा शर्त नियमावली को चुनौती देने वाली याचिका पर राज्य सरकार और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत ने इस मामले में अंतरिम राहत प्रदान नहीं की तथा नौ जनवरी तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया। याचिका में दावा किया गया है कि नियमावली में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को शैक्षणिक योग्यता के अंकों में छूट नहीं दी गई, जिससे आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के साथ भेदभाव हो रहा है।

******************

रिज़र्व बैंक ने बैंकिंग प्रणाली में नकदी की समस्या दूर करने के लिए नए उपायों की घोषणा की है। बैंक ने आगामी दिनों में खुले बाजार परिचालन–ओ.एम.ओ. और विदेशी मुद्रा की खरीद फरोख्त के माध्यम से लगभग तीन लाख करोड़ रुपये उपलब्ध कराने की योजना बनाई है। इसके अंतर्गत रिज़र्व बैंक दो लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूति खरीदेगा। इसके अलावा, रिज़र्व बैंक दस अरब डॉलर की खरीद फरोख्त करेगा। इससे बैंकिंग प्रणाली में नकदी बढ़ेगी।

******************

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत केंद्र सरकार का योगदान छियासी हजार करोड़ रुपये से बढ़ाकर लगभग पन्चानबे हजार करोड़ रुपये कर दिया गया है। मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की 2013 की रिपोर्ट ने यूपीए सरकार के अधीन मनरेगा की वास्तविक स्थिति को उजागर किया, जिसमें व्यापक भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन का खुलासा हुआ। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में तेईस राज्यों में तियालीस लाख से अधिक फर्जी जॉब कार्ड, हिसाब–किताब के बिना निकासी और अनियमित कार्यों के कारण हजारों करोड़ रुपये के नुकसान, और मजदूरी में देरी या मजदूरी से इनकार का उल्लेख है।

******************

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस का राष्ट्रव्यापी उत्सव मना रहा है। वीर बाल दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर के बच्चों को संबोधित करेंगे। साथ ही राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्राप्त बच्चों से नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में संवाद भी करेंगे। बता दें कि इस दिन सिख धर्म के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों के बलिदान को श्रद्धांजलि दी जाती है।

******************

पाकुड़ जिले में आदिम जनजाति पहाड़िया महिलाओं के सशक्तिकरण और स्वावलम्बन में गुतू गलांग कल्याण ट्रस्ट बड़ी भूमिका निभा रहा है।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी सबको घर योजना का लाभ अब धरातल पर दिखने लगा है । गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र की अन्दुडीह के गरीब लोग प्रधानमंत्री आवास मिलने से बेहद खुश हैं। लाभुकों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण वे अपने सपनों का मकान बना सकें।

******************

प्रभु यीशु मसीह का जन्म आज आधी रात को मनाया जाएगा। जन्म पर्व को लेकर मसीही विश्वासी और चर्च पूरी तरह तैयार है। संत जेवियर सहित विभिन्न संस्थानों में चरनी सजायी गई है। गिरजाघरों में विशेष विद्युत सज्जा की गई है। मसीही समुदाय के लोग आज विशेष आराधना सभा में शामिल होंगे।

******************

राजधानी रांची सहित राज्य में ठंड और कोहरे का प्रकोप जारी है। शीतलहर और सुबह–शाम के घने कोहरे से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। लेकिन इसके बाद अगले तीन दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक धीरे–धीरे गिरावट दर्ज की जा सकती है।